



# सेवा-संस्कार के संकल्प के साथ मना विस अध्यक्ष तोमर का जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण, मरीजों को बांटे फल, वृद्धजन किए सम्मानित**

सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह के साथ उनका जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामनाएं कीं।

कार्यक्रमों की शुरुआत जिला भाजपा कार्यालय में पौधरोपण के साथ हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने माधौपुरा क्षेत्र स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उन्हें आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई।

**भाजयुमो ने बच्चों को बांटे फल, पैरों में पहनने चप्पलें :** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा ग्राम छौंदा में 101 कन्याओं का पूजन कर बच्चों को पैरों में पहनने के लिए चप्पलें एवं फल वितरित किए गए। जिले के विभिन्न मंडलों में भी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुए।

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

विस अध्यक्ष श्री तोमर के जन्मदिन के मौके पर हुए कार्यक्रमों में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, श्रीवल्लभ डंडौतिया, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, केदार सिंह यादव, सोनू परमार, सुनील जाटव, अरविंद सिकरवार, अरुण परमार, राजीव कंषाना, मनोज सिकरवार, रविंद्र मावई, दिलीप पिप्पल, श्रीमती गुड्डी खटीक, राजेश अग्रवाल, संजय शर्मा, ममता तोमर, दिनेश शर्मा, चंद्रपाल सिकरवार, दिलीप मिश्रा, सोनेराम प्रजापति सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी के संदेह में 5 युवकों को बीहड़ में बंधक बनाकर पीटा

**मुरैना/पोरसा, 12 जून।** बाइक चोरी के संदेह में 5 युवकों को बीहड़ में बंधक बनाकर मारपीट किए जाने के मामले में पोरसा पुलिस ने शुक्रवार को 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बंधक बनाकर मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घटना को लेकर आकाश तोमर एवं 7 अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार फरियादी सौरव सिंह तोमर और उसके दो साथियों ने 10 जून को पोरसा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसके द्वारा आकाश तोमर एवं उसके 7 अन्य साथियों द्वारा बाइक चोरी के संदेह में फरियादी सहित उसके साथियों को ज्ञानेन्द्र का पुरा के पास बीहड़ों में बंधक बनाकर मारपीट करने और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने की बात कही थी। 12 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद पुत्र नरेन्द्र तोमर नि. ऊदपुरा पोरसा, आकाश पुत्र शिशुपाल तोमर नि. किर्रायच रोड पोरसा, विष्णु तोमर नि. कौंथरखुर्द पोरसा और बालगोविंद पुत्र ललित बिहारी तोमर नि. रोरियापुरा नगरा को गिरफ्तार कर लिया।

# पौधरोपण ही स्वच्छ हवा, संतुलित पर्यावरण का आधार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 12 जून।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के संकल्प के साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जन्म दिवस पर कैलारस के श्मशान घाट स्थित मातृ-पितृ वन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना

**तोमर के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण, गौसेवा व भजन-कीर्तन का आयोजन**

बृजेश बंसल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक पौधे रोपकर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत हैं। बढ़ते प्रदूषण के दौर में अधिक से अधिक पौधरोपण ही स्वच्छ हवा और संतुलित पर्यावरण का आधार बन सकता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मातृ-पितृ वन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इसके बाद सब्जी मंडी परिसर स्थित गौशाला में गौ सेवा करते हुए गायों को चारा खिलाया गया तथा मां काली माता मंदिर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सीमा अशोक राणावत, ब्रजेश बंसल, सियाराम सिंह सिकरवार, पार्षदगण सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओमप्रकाश जपं कैलारस में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 12 जून।** जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने जनपद पंचायत कैलारस के लिए ग्राम तोरिका निवासी ओमप्रकाश शाक्य को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

ओमप्रकाश शाक्य एक वर्ष की अवधि तक जनपद पंचायत से जुड़े शासकीय कार्यों, बैठकों और कार्यक्रमों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। नियुक्ति पर श्री शाक्य के समर्थकों ने शुभकामनाएं दीं है। जिनमें बृजमोहन मरैया, शम्मा कुरैशी, रफीक शेख, रामलखन शर्मा, सत्येंद्र सोलंकी, रमेश शाक्य, रामप्रकाश टैगोर, रामलखन सिंह सिकरवार आदि शामिल है।

## एक नजर में

### भर्रा गांव में 7 पेटी देशी शराब छोड़कर तस्कर फरार



**मुरैना, 12 जून।** चिन्नौनी थाना पुलिस ने 11 जून को भर्रा गांव में दविश देकर देशी शराब की 7 पेटियां बरामद कीं। जानकारी के अनुसार मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि तस्कर बड़ी मात्रा में शराब की खेप लेकर भर्रा गांव से होकर गुजरने वाला है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश दी तो टीम को देखकर एक युवक शराब की 7 पेटियों को छोड़कर भाग निकला। इन पेटियों को पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त की गई शराब का बाजारू मूल्य 35 हजार रूपये आंका गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज किया है।

### बागेश्वरधाम में ढाबा चलाते मिला 12 साल से फरार संदीप




**मुरैना।** सिविल लाईन पुलिस ने बीते 12 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी संदीप उर्फ भूरा पंडित पुत्र प्रमोद निवासी किला रोड अंबाह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी संदीप उर्फ भूरा बागेश्वरधाम परिसर में ढाबा चला रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे छत्तरपुर पहुंचकर दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संदीप के विरुद्ध मुरैना जिले के अंबाह, सिटी कोतवाली, रिठौराकलां, सिविल लाईन, टेंटरा थानों में विभिन्न आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। 9 मामलों में न्यायालय ने उसके विरुद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई अभिषेक जादौन, प्र.आर. दुष्यंत शर्मा, आरक्षक प्रशांत शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, संजय गुर्जर, सुनील परमार शामिल थे।

### शुक्ला बने ब्राह्मण महासभा कैलारस के अध्यक्ष



**मुरैना/कैलारस।** ब्राह्मण धर्मशाला कैलारस में आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में वरिष्ठजनों एवं युवाओं की सर्वसम्मति से योगेश शुक्ला नैपरी को ब्राह्मण महासभा कैलारस का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चयन की घोषणा होते ही समाजजनों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश शुक्ला ने कहा कि समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने और सामाजिक उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और समाज के सभी वर्गों के सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ने, सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और संगठन को सक्रिय बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा दीपैरा, ओमप्रकाश भारद्वाज, सतेंद्र उपाध्याय, श्रीनिवास उपाध्याय, रामबाबू शर्मा, हरिशंकर शर्मा, रामभजन शर्मा, रामगोपाल पलिया, हरिओम शर्मा, सतीश शुक्ला, दिनेश तिलोंजरी, बल्लू शुक्ला, नरहरि शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स के सब्र का बांध टूटा, दी धरने की चेतावनी



**मुरैना/जौरा।** मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनरों को शामिल नहीं किए जाने के मुद्दे पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव वित्त को पत्र भेजकर वित्त विभाग के रुख पर आपत्ति दर्ज कराई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों हरिओम पाराशर एवं विनोद कुमार दुबे ने बताया कि 11 मार्च 2026 की बैठक में वित्त विभाग द्वारा पेंशनरों को योजना से बाहर रखने का मत व्यक्त किया गया, जबकि अन्य विभागों के अधिकारियों ने अंशदान के आधार पर पेंशनरों को योजना में शामिल करने का पक्ष लिया था। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि लंबे समय से पेंशनरों की लंबित मांगों पर भी वित्त विभाग उदासीन रवैया अपना रहा है। मांगों का समाधान नहीं होने पर एक माह बाद प्रमुख सचिव वित्त के निवास के समक्ष धरना देने की चेतावनी दी गई है।

### नशे में धुत्त युवक ने सल्फास गटका, इलाज के दौरान मौत

**मुरैना।** पोरसा क्षेत्र के अंतर्गत धनेटा में रहने वाले अशोक माहौर 41 पुत्र गंगाराम माहौर ने 11 जून को शराब के नशे में धुत्त होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ सल्फास गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### लेनदेन के विवाद में दुकानदार से मारपीट, केस दर्ज

**मुरैना।** सबलगढ़ पुलिस ने मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नीरज गर्ग पुत्र बनवारीलाल गर्ग नि. संतर नंबर-3 सबलगढ़ 11 जून की शाम को संतर नंबर-3 स्थित अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान पर सामान खरीदने पहुंचें ध्रुव गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता नि. कुंड रोड सबलगढ़ से सामान के पैसों के लेनदेन को लेकर उसका विवाद हो गया।

### जौरा में महिला से मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना।** जौरा पुलिस ने महिला मथुरादेवी 43 पत्नी बनवारी बघेल नि. बघेले का पुरा नरहौली की रिपोर्ट पर सुल्तान, सियाराम, महिला लोंगश्री देवी बघेल के विरुद्ध मारपीट और धमकी दिए जाने की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# चंबल नदी के 4 घाटों पर डंप मिला 1650 ट्रॉली रेत नष्ट किया



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस, वन विभाग और एसएएफ की संयुक्त टीमों ने

**देवगढ़, सरायछौला एवं टेंटरा क्षेत्र में संयुक्त टीम की कार्रवाई**

शुक्रवार को देवगढ़, सरायछौला एवं टेंटरा थाना क्षेत्रों के अंतर्गत चंबल नदी के 4 विभिन्न घाटो पर कार्रवाई की। इस दौरान घाटों पर करीब 1650 ट्रॉली रेत अवैध रूप से भंडारित मिला। जिसे टीम ने जेसीबी मशीन और लोडरों की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट किए जाने की कार्रवाई की।

पुलिस, वनविभाग की संयुक्त टीम ने देवगढ़ क्षेत्र के बरवासिन घाट पर 20 लाख कीमती एक हजार ट्रॉली रेत को नष्ट कराया। इसी क्रम में सरायछौला क्षेत्र के पिपरई एवं गड़ौरा घाटों पर डंप 7.70 लाख कीमती 350 ट्रॉली रेत का नष्टीकरण कराया। संयुक्त टीम ने टेंटरा क्षेत्र के बरोठा घाट पर माफिया द्वारा अवैध रूप से डंप किए गए 6 लाख कीमती 300 ट्रॉली रेत को भी जेसीबी मशीन की मदद से नष्ट किए जाने की कार्रवाई की। इन कार्यवाहियों में संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस बल के साथ वनविभाग के कर्मचारी और एसएएफ के जवान शामिल रहे।

**सबलगढ़ में बिना नंबर प्लेट चल रहे 3 ट्रेक्टर पकड़े**



रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध पुलिस, प्रशासन की टीमों द्वारा दिन के साथ रात को भी ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं है। गुरूवार की रात को मुरैना, जौरा, सबलगढ़, अंबाह, पोरसा में संयुक्त टीमों ने रेत परिवहन के संभावित मार्गों पर चैकिंग की। इसी दौरान सबलगढ़ क्षेत्र में बाबड़ीपुरा-वीरपुर मार्ग पर चैकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट दौड़ते हुए मिले तीन ट्रेक्टरों को पकड़ा गया।

# 108 एंबुलेंस के एसी मिले खराब, मिली कमियां



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए जिला नोडल अधिकारी 108 डॉ. एसके कारखुर

**नोडल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश**

द्वारा जिले में संचालित 108 एम्बुलेंसों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दो बीएलएस और एक एएलएस एम्बुलेंस के ऑडिट के दौरान कई कमियां सामने आईं।

जांच के दौरान कुछ एम्बुलेंसों में एसी खराब, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं दवाइयों की उपलब्धता में कमी, वाहनों के दरवाजों में खराबी और साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। डॉ. कारखुर ने संबंधित सेवा प्रदाता कंपनी को तत्काल कमियां दूर करने के निर्देश दिए। वहीं सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा मरीजों के लिए महत्वपूर्ण आपातकालीन सुविधा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मासिक बैठक में पूर्व सैनिकों ने उठाए वेलफेयर से जुड़े मुद्दे



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** चंबलांचल पूर्व सैनिक संघ का मंथली मिलन समारोह 12 जून को चंबल कॉलोनी स्थित गौशाला मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कैप्टन दीवान सिंह चौहान ने की। इस दौरान पूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

अध्यक्ष कैप्टन चौहान ने पूर्व सैनिकों के बच्चों को मिलने वाली स्कॉलरशिप, शिक्षा सहायता राशि और अन्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी पूर्व सैनिक अपने पीपीओ एवं डिस्चार्ज बुक के अनुसार ही आधार कार्ड, पैन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम व जन्मतिथि का मिलान अवश्य कराएं। दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर जिला सैनिक बोर्ड के माध्यम से शीघ्र सुधार कराएं, ताकि भविष्य में वेलफेयर योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी न हो।

**मिलन समारोह में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में विजय सिंह सिकरवार, धर्मवीर सिंह सिकरवार, धीरेंद्र सिंह तोमर, बदन सिंह, राकेश गोले, जगदीश सिकरवार, ज्ञानसिंह सिकरवार, योगेंद्र सिकरवार, भारत सिंह सिकरवार, जयवीर सिंह तोमर, उत्तम सिंह सिकरवार, कालीचरण सिंह सिकरवार, बीपी शर्मा सहित अनेक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण : दावे-आपत्तियां 15 तक

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के लिए मप्र राज्य निर्वाचन आयोग

**18 जुलाई को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन**

ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिए दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण 25 जून तक तथा ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूची की जांच, त्रुटि सुधार एवं अंतिम सूची तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## स्कार्पियो में 3 पेटी शराब लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 12 जून।** अंबाह पुलिस ने 11 जून को कार्रवाई करते हुए गरीबपुरा नहर की पुलिया के पास से स्कार्पियो क्रं. एमपी07-सीसी-5930 को पकड़ा। कार चला रहे युवक श्रीकांत सिंह पुत्र नत्थी सिंह तोमर नि. ताल का पुरा को हिरासत में लेकर जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें देशी शराब की 3 पेटियां रखीं हुईं मिलीं। पुलिस ने शराब सहित स्कार्पियो को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। जब्त की गई शराब का मूल्य 13 हजार पांच सौ रूपये आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

## चंबल की रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, 1 गिरफ्तार



**मुरैना, 12 जून।** बानमोर पुलिस ने 11 जून को फड़ का पुरा में रेलवे फाटक के पास से होकर गुजर रहे चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर क्रं. एमपी30-एए-6410 और ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर रामबाबू पुत्र सरमन सिंह यादव नि. खजूरी बड़ागांव ग्वालियर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# जन कल्याण शिविरों में उमड़ा सैलाब, समस्याएं हुईं निराकृत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनकल्याण शिविरों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी नागरिक पहुंचे तथा अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए।

इन शिविरों में वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन पात्रता पर्चीए राजस्व प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने मुरैना, अंबाह और पोरसा क्षेत्र के शिविरों का निरीक्षण किया। अंबाह में आयोजित शिविर में 272 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 175 का मौके पर निराकरण किया गया। नगर निगम मुरैना क्षेत्र में 59 में से 54 तथा जनपद पंचायत मुरैना में 22 में से 15 आवेदनों का तत्काल समाधान किया गया। पोरसा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नागरिक शिविर में पहुंचेए जहां अधिकांश आवेदनों का निराकरण कर लोगों को राहत दी गई।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी जौरा, जिला-मुरैना (म.प्र.)**

**प्रथम तल संयुक्त भवन, चंबल कॉलोनी, एम.एस.रोड जौरा**

**प्रकरण क्रमांक 0002 / अ-20(2) / 2026-27 जौरा, दिनांक : 26.05.2026**

**// उद्घोषणा //**

जर्यं उदघोषणा आमोखास ग्राम गोपालपुरा तहसील जौरा को सूचित किया जाता है, कि कलेक्टर महोदय मुरैना के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0002 / अ-20(2) / 2026-27 में लिखित आदेशशीत दिनांक 19.02.2026 से संस्था ग्राम शिक्षा भारती समिति मुरैना को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के भवन निर्माण हेतु ग्राम गोपालपुरा तहसील जौरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 403 रकवा 20.2300 हेक्टे. में से रकवा 0.627 हेक्टे. भूमि के आवंटन के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए है। उपरोक्त आवंटन से किसी आमोखास एवं विभाग को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस की अवधि तक कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(शुभम शर्मा)
अनुविभागीय अधिकारी
जौरा, जिला-मुरैना (म.प्र.)


## समान नागरिक संहिता को लेकर बैठक कल होगी

**मुरैना, 12 जून।** समान नागरिक संहिता यूसीसी को लेकर जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों एवं विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक संगठनों के विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए उच्च स्तरीय समिति की बैठक 14 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक दोपहर 3.30 बजे शुरू होगी, जिसमें सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, बार काउंसिल प्रतिनिधि सहित अन्य आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

# प्लाईवुड से भरे आयशर केंटर में आग, 50 लाख का नुकसान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 जून।** आगरा से प्लाईवुड लेकर हैदराबाद जा रहे आयशर केंटर ट्रक में पहाड़गढ़-मरा गांव के बीच 12 जून की

**पहाड़गढ़ क्षेत्र में मरा गांव के पास हुई घटना, 3 दमकल वाहनों ने बुझाई आग**

दोपहर अचानक आग लग गई। हवा का सहारा मिलते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा ट्रक धूं-धूं कर जल उठा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे 3 दमकल वाहनों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में ट्रक सहित उसमें लदे प्लाईवुड जलकर राख हो गए। हादसे में 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब ढाई बजे डायल-112 पर ट्रक में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद एफआरवी वाहन के साथ वे स्वयं भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। पुलिस ने तत्काल कैलारस नगर पालिका सहित गेल इंडिया के दमकल वाहनों को सूचना दी। कुछ ही देर में तीनों दमकल वाहन मौके पर पहुंचें और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक ट्रक सहित उसमें भरे प्लाईवुड पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। हादसे में करीब 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। ट्रक ड्राईवर और हेल्पर दोनों सकुशल होना बताए जा रहे है।

**आगरा से हैदराबाद जा रहा था ट्रक**

निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार के अनुसार ट्रक ड्राईवर किशनपाल भदौरिया निवासी मथुरा ने बताया कि ट्रक में आगरा से हैदराबाद के लिए प्लाईवुड का भाड़ा लोड किया था। आगरा से मुरैना, कैलारस, पहाड़गढ़ के रास्ते वो ट्रक लेकर हैदराबाद की ओर जा रहा था। दोपहर करीब ढाई बजे जब ट्रक पहाड़गढ़ और मरा गांव के बीच से गुजर रहा था, तभी अचानक ट्रक की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।